दैनिक
# न्याय साक्षी

संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-सेहत-फीचर-खाना खजाना- राशिफल

रायगढ़, रविवार 05 दिसंबर 2021

www.nyaysakshi.com



## संपादकीय

# ढाक के तीन पात

सरकारों की बयानबाजी और बड़े-बड़े दावों की जमीनी हकीकत क्या होती है, उसकी बानगी दिल्ली में मौजूद प्रदूषण की घातक स्थिति है। वायु प्रदूषण के खतरनाक स्तर तक बरकरार रहने की चिंता के बाबत दायर एक याचिका पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट इस निष्कर्ष पर पहुंचा कि वास्तव में जमीनी स्तर पर प्रदूषण पर अंकुश लगाने की दिशा में विभिन्न राज्य सरकारों व सरकारी एजेंसियों ने कुछ भी प्रयास नहीं किये। दरअसल, सोमवार को सुप्रीम कोर्ट की एक बैंच ने कहा कि केंद्र सरकार ने दिल्ली, पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश की सरकारों को वायु प्रदूषण कम करने के निर्देश दिये थे और केंद्र सरकार की मंशा अच्छी थी लेकिन इस दिशा में क्रियान्वयन शून्य ही रहा। यह हकीकत दिल्ली तथा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के लोगों द्वारा बयां की जा रही है जो सांसों के लिये हांफ रहे हैं। यह विडंबना ही है कि तमाम दावों के बावजूद वायु गुणवत्ता का सूचकांक यानी एक्यूआई की माप नियमित रूप से 350 से अधिक है और कई बार 400 को छू रही है जो स्वयं गंभीर स्थिति को ही दर्शाती है। इस बात से अंदाजा लगाया जा सकता है कि गंभीर सांस संबंधी रोगों से जूझने वाले मरीज व वृद्ध लोग किन परिस्थितियों में जीवनयापन कर रहे होंगे। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि कोरोना महामारी के दौरान वे ही लोग इसकी चपेट में आये थे, जिनके फेफड़े कमजोर थे। ऐसे में जब कोरोना संक्रमण का खतरा टला नहीं है, ये हालात महामारी के लिये जमीन तैयार करते हैं। ऐसे स्थिति में विभिन्न राज्य सरकारों और केंद्र को युद्धस्तर पर पहल करके प्रदूषण के खात्मे के लिये कदम उठाने चाहिए थे। लेकिन तंत्र की काहिली ऐसा करने की स्थिति में नजर नहीं आती जो राज्य सरकारों की जनसरोकारों के प्रति संवेदनहीनता को ही उजागर करता है। जिसका खमियाजा आम व खास को सामूहिक रूप से भुगतना पड़ता है।

सर्वविदित है कि दो सप्ताह पूर्व सुप्रीम कोर्ट ने वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग को देश की राजधानी में भयावह होती वायु गुणवत्ता पर व्यापक विचार-विमर्श के लिये दिल्ली के अलावा उत्तर प्रदेश, हरियाणा व पंजाब सरकारों के प्रतिनिधियों के साथ अविलंब बैठक आयोजित करने का निर्देश दिया था। शीर्ष अदालत के निर्देश पर बैठक भी आयोजित की भी गई और समस्या के निदान के लिये विचारों का आदान-प्रदान भी किया गया। इतना ही नहीं, इस समस्या के समाधान के लिये संबंधित सरकारों व विभागों को निर्देश भी जारी कर दिये गये थे मगर परिणाम वहीं ढाक के तीन पात। जैसा कि अदालत ने टिप्पणी भी की थी कि लगता है जमीनी स्तर पर कुछ नहीं किया गया। वहीं दूसरी ओर सॉलिसिटर जनरल ने स्वीकार किया कि इन सरकारों से कई माह पूर्व भी जरूरी कदम उठाने को कहा गया था। जो इस बात की ओर इशारा करता है कि सरकारें व सरकारी एजेंसियां दिल्ली के प्रदूषण के जानलेवा स्तर तक पहुंचने के बावजूद स्थिति को गंभीरता से नहीं ले रही हैं और निर्देशों की अनदेखी कर रही हैं। यदि कोई कोशिश हुई भी तो पालन पूरी तरह से नहीं किया जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकारों को वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग द्वारा जारी निर्देशों के अनुपालन में उठाये गये कदमों की रिपोर्ट दाखिल करने के निर्देश भी दिये। साथ ही चेताया भी कि यदि निर्देशों का पालन नहीं हुआ तो इस दिशा में ठोस पहल के लिये अदालत स्वतंत्र टास्क फोर्स गठित कर सकती है। निस्संदेह, सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी से ऐसा लगता है कि सभी सरकारें अपनी नाकामियों का ठीकरा कभी किसानों के पराली जलाने पर तो कभी हवाओं के रुख में बदलाव के बाबत मौसम पर फोड़ देती हैं। प्रतीत होता है कि सरकारें इसलिए हाथ पर हाथ धरे बैठी हैं जैसे किसान पराली जलाना बंद कर देंगे, हवाएं चलने लगेंगी और बारिश होगी तो प्रदूषण के स्तर में गिरावट खुद-ब-खुद आ जायेगी। जैसा कि अदालत ने कहा भी कि तंत्र के हड़बड़ी में उठे कदम सिर्फ भ्रम पैदा करते हैं, व्यावहारिक रूप में कुछ हासिल नहीं होता।

# बोइंग एवं एयरबस के साथ विमानों की खरीद एवं पट्टे के लिए बात जारीः जेट एयरवेज



**मुंबई** । अगले साल फिर से परिचालन शुरू करने की तैयारियों में जुटी जेट एयरवेज ने कहा कि विमानों की खरीद के साथ उन्हें पट्टे पर लेने के लिए उसकी एयरबस और बोइंग कंपनियों के साथ बातचीत चल रही है।

जेट एयरवेज ने शेयर बाजारों को दी गई सूचना में कहा कि विमान निर्माता कंपनियों के साथ जारी उसकी बातचीत उसके दोबारा कारोबार शुरू करने की योजना का हिस्सा है। राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) की मुंबई पीठ ने उसकी पुनरुद्धार योजना पर मुहर लगाई हुई है।

कर्ज में फंसी इस एयरलाइन का परिचालन अप्रैल 2019 में बंद हो गया था लेकिन दिवाला प्रक्रिया के तहत मुरारीलाल जालान और कालरॉक कैपिटल के समूह ने उसका अधिग्रहण कर लिया है। अब उसके फिर से परिचालन का रास्ता साफ हो गया है। जेट एयरवेज ने कहा कि एनसीएलटी से मंजूर की गई पुनरुद्धार योजना लागू की जा रही है और उसी के एक हिस्से के तौर पर समूह विमान कंपनियों से बात कर रहा है। एयरलाइन ने कहा, यह बातचीत आगे बढ़ चुकी है। बोइंग के अलावा एयरबस से भी विमानों की खरीद एवं पट्टे को लेकर बात जारी है।

उसने संभावित सौदे की कोई कीमत बताने में असमर्थता जताते हुए कहा, कोई तय कीमत नहीं बताई जा सकती है क्योंकि अभी बातचीत चल ही रही है। इसके साथ ही उसने यह साफ किया कि 100 विमानों की खरीद के बारे में आई मीडिया रिपोर्ट अटकलों पर आधारित है।

# माइक्रोटेक की 500 करोड़ रुपये के निवेश की योजना



**नईदिल्ली।** बिजली उपकरण बनाने वाली कंपनी माइक्रोटेक अगले एक वर्ष में अपने इलेक्ट्रिक उत्पाद कारोबार को बढ़ावा देने के लिए 500 करोड़ रुपये निवेश की योजना बना रही है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी।


कंपनी मुख्य रूप से अनुसंधान और विकास में निवेश करेगी और अपने उत्पादों के विनिर्माण में तेजी लाएगी।

माइक्रोटेक इंटरनेशनल के उप प्रबंध निदेशक सौरभ गुप्ता ने कहा, हमने 250 करोड़ रुपये की आय के आंकड़े को पार कर लिया है। हम अगले एक साल में 400 करोड़ रुपये की आय को पार करने और 500 करोड़ रुपये का निवेश करने का लक्ष्य बना रहे हैं।

उन्होंने कहा कि उद्योग के अनुमानों के अनुसार घरेलू बिजली उपकरण बाजार 12 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि के साथ वर्ष 2025 तक लगभग 5.4 लाख करोड़ रुपये का हो जाएगा।।

गुप्ता ने कहा कि बिजली उपकरण बाजार में अपार संभावनाएं है, जिसका माइक्रोटेक एक भारतीय कंपनी होने के तौर पर लाभ उठाना चाहती है।

# श्रीकांत विश्व टूर बैडमिंटन फाइनल्स से बाहर



**बाली** । भारत के किदाम्बी श्रीकांत मलेशिया के ली जि जिया के हाथों ग्रुप बी का तीसरा और आखिरी मैच सीधे गेम में हारकर सत्र के आखिरी बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर फाइनल्स से बाहर हो गए।

दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी को आल इंग्लैंड चैम्पियन ली ने 37 मिनट में 21 . 19) 21 . 14 से हराया ।

दुनिया के आठवें नंबर के मलेशियाई खिलाड़ी के हाथों श्रीकांत की यह दूसरी हार थी । वह हाइलो ओपन में भी उससे हार गए थे ।

शुरूआत में वह 0 . 3 से पीछे थे लेकिन एक समय 9 . 8 की बढत बना ली । ली ने हालांकि ब्रेक तक दो अंक की बढत ले ली थी । श्रीकांत ने ब्रेक के बाद फिर 17 . 15 की बढत बनाई लेकिन लय खोने के कारण पहला गेम गंवा दिया ।

दूसरे गेम में अच्छी शुरूआत करके 7 . 3 का फायदा लिया लेकिन ली ने फिर वापसी करते हुए श्रीकांत को बाहर का रास्ता दिखा दिया ।

# एक झटके में कम हो गई टॉप अरबपतियों की दौलत, एलन मस्क से लेकर अंबानी और अडानी तक को भारी नुकसान



**नई दिल्ली।** एलन मस्क समेत दुनिया के बड़े अरबपतियों की दौलत में बड़ी गिरावट आई है। ब्लूमबर्ग बिलेनियर इंडेक्स की वेबसाइट के मुताबिक टॉप 15 अरबपतियों में से 12 की दौलत एक झटके में कम हो गई है। जिन 12 अरबपतियों की दौलत में कमी आई है उसमें भारत के मुकेश अंबानी और गौतम अडानी भी शामिल हैं। टॉप 15 के सिर्फ तीन अरबपति- वॉरेन बफे, फ्रेंकोइस बेटेनकोर्ट मेयर्स और झोंग शानशान की दौलत में मामूली बढ़ोतरी हुई है। जानकारी के अनुसार टेस्ला के सीईओ एलन मस्क को सबसे बड़ा नुकसान हुआ है। मस्क की वेल्थ 15.2 बिलियन डॉलर कम हो गई है। अब एलन मस्क की कुल दौलत 269 बिलियन डॉलर है। एलन मस्क की तरह भारत के मुकेश अंबानी को भी दूसरा सबसे बड़ा नुकसान हुआ है। मुकेश अंबानी की दौलत 3.13 बिलियन डॉलर घट गई है।

मेजन के जेफ बेजोस के अलावा स्टीव वॉलमर और लैरी एलीसन की दौलत में भी 2 बिलियन डॉलर से ज्यादा की गिरावट आई है। वहीं, भारत के गौतम अडानी को 535 मिलियन डॉलर का नुकसान हुआ है। फिलहाल, मुकेश अंबानी की दौलत 90.6 बिलियन डॉलर है। वहीं, गौतम अडानी की बात करें तो 77.2 बिलियन डॉलर संपत्ति है।

अरबपतियों की दौलत में बड़ी गिरावट की सबसे बड़ी वजह कोरोना का नया वेरिएंट ओमिक्रॉन है। ओमिक्रॉन की चिंताओं की वजह से भारत समेत दुनियाभर के शेयर बाजार दबाव में हैं। इस वजह से अधिकतर अरबपति की कंपनियों के स्टॉक भी लुढ़क रहे हैं। स्टॉक में गिरावट का मतलब है कि मार्केट कैपिटल कम होगा, जो अरबपतियों की दौलत आंकने का एक पैमाना भी है। इसके अलावा मुद्रास्फीति और आर्थिक तंगी की आशंकाओं के बीच टेक्नोलॉजी स्टॉक्स में गिरावट देखने को मिली है। इस वजह से टेस्ला के सीईओ एलन मस्क को बड़ा झटका लगा है।

# सिंधू आखिरी ग्रुपमैच हारीं, पर सेमीफाइनल खेलेंगी



**बाली** । भारतीय स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू शुक्रवार को बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर फाइनल 2021 टूर्नामेंट में अपना आखिरी ग्रुप चरण मैच हार गई। वह हालांकि सेमीफाइनल में खेलेंगी, क्योंकि उन्होंने इससे पहले दो मैच जीते हैं।

सिंधू को शुक्रवार को आखिरी ग्रुप चरण मुकाबले में थाईलैंड की पोर्नपावी चोकुवांग से 12-21, 19-21, 21-14 से हार का सामना करना पड़ा। चोकुवांग ने लगातार तीसरी जीत के साथ ग्रुप की शीर्ष खिलाड़ी के तौर पर ग्रुप चरण अभियान समाप्त किया। वह भी सेमीफाइनल में पहुंच चुकी हैं। उल्लेखनीय है कि मौजूदा विश्व विजेता पीवी सिंधू ने इससे पहले अपने दो ग्रुप चरण मैचों में डेनमार्क की लिन क्रिस्टोफरसन को 21-14, 21-16 और जर्मनी की यवोन ली को 21-10, 21-13 से हराया था।

इस बीच भारत के युवा खिलाड़ी लक्ष्य सेन को अपने आखिरी मैच में डेनमार्क के रास्मस गेमके से वाकओवर मिल गया। लक्ष्य पहले ही सेमीफाइनल में पहुंच चुके थे। लक्ष्य हालांकि कल ग्रुप में नंबर एक रहे शीर्ष खिलाड़ी डेनमार्क के विक्टर एक्सेलसन से हार गए थे लेकिन वह ग्रुप में दूसरे नंबर पर रहकर पहली बार सेमीफाइनल में पहुंचने में कामयाब रहे।

# भारत का सपना तोड़ जर्मनी फ़ाइनल में, खिताबी टक्कर अर्जेंटीना से



**भुवनेश्वर।** छह बार के विजेता जर्मनी ने गत चैंपियन भारत को दूसरे सेमीफाइनल में शुक्रवार को 4-2 से पराजित कर जूनियर विश्व कप हॉकी टूर्नामेंट के फ़ाइनल में प्रवेश कर लिया जहाँ उसका मुकाबला अर्जेंटीना से होगा जिसने पहले सेमीफाइनल में फ़्रांस को मुकाबला गोलरहित बराबर रहने के बाद पेनल्टी शूट आउट में 3-1 से हराया।

जर्मनी ने कलिंगा स्टेडियम में पहले हाफ में चार गोल की बढ़त के साथ अपनी जीत सुनिश्चित कर ली थी। जर्मनी अब आठ साल बाद अपना पहला खिताब जीतने से एक कदम दूर रह गया है। जर्मनी ने अपने छह खिताबों में से आखिरी खिताब 2013 में नयी दिल्ली में जीता था। उसके बाद उसका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2016 में लखनऊ विश्व कप में तीसरा स्थान रहा था। जर्मनी आठवीं बार फ़ाइनल में पहुंचा है। भारतीय टीम इस हार के बाद अब कांस्य पदक के लिए पांच दिसम्बर को फ़्रांस से भिड़ेगी।

पहले दो क्वार्टर के मुकाबले तीसरे क्वार्टर में कोई गोल नहीं हुआ और जर्मनी 4-1 से आगे रहा। भारत ने आखिरी क्वार्टर के 49वें मिनट में एक और गोल जरूर किया लेकिन यह जर्मनी को फ़ाइनल में जाने से रोकने के लिए काफी नहीं था। अंतिम परिणाम 4-2 से जर्मनी के पक्ष में रहा।

भारत ने क्वार्टरफाइनल में बेल्जियम को 1-0 से हराया था लेकिन वह इस प्रदर्शन को जर्मनी के खिलाफ नहीं दोहरा पाया। दूसरी तरफ जर्मनी ने स्पेन को मुकाबला 2-2 से बराबर रहने के बाद शूट आउट में 3-1 से पराजित किया था लेकिन सेमीफाइनल में उसने अपने खेल का स्तर ऊंचा करते हुए मेजबान टीम की खिताब बचाने की उम्मीदों को तोड़ दिया। पहले सेमीफाइनल में निर्धारित समय तक मुकाबला गोल रहित बराबर रहने के बाद अर्जेंटीना ने 3-1 से बाजी मार ली।

## आज का राशिफल

मेषः आज के दिन का प्रारंभ का समय आनंद-प्रमोद में बीतेगा। शारीरिक और मानसिक आरोग्य अच्छा रहेगा। स्वास्थ्य भी संभालिएगा।

वृषभः व्यवसायीजनों को यश और सफलता मिलेगी। सहकर्मचारियों का पूर्ण सहकार आप को मिल पाएगा। आर्थिक लाभ भी होगा। प्रतिस्पर्धीयों को आश्चर्य होगा।

मिथुनः आज का आप का दिन बौद्धिक कार्य और चर्चा में बीतेगा। आप अपनी कल्पनाशक्ति और सृजनशक्ति को कार्य में जोड़ देंगे।

कर्क : हताशा मानसिक रूप से अस्वस्थ बनाएगी। जिस के कारण शारीरिक रूप से आप अस्वस्थता का अनुभव करेंगे। प्रवास के लिए आज का दिन अनुकूल नहीं है।

सिंहः विदेशवासियों को अच्छे समाचार मिलेंगे। धन लाभ होगा। नए कार्य के लिए अच्छा समय है। निवेशकारों के लिए दिन लाभदायी है।

कन्याः वाणी पर संयम न रहेगा तो मनदुःख के प्रसंग उपस्थित होंगे। परिवारजनों के साथ वाद-विवाद हो सकता है। शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान नहीं रख पाएंगे।

तुलाः आज की कलात्मक और सृजनात्मक शक्ति में बहुत निर्धारपूर्वक निखार आएगा। शारीरिक और मानसिक रूप से संपूर्ण स्वस्थ रहेंगे।

वृश्चिकः आपका उग्र और असंयमित व्यवहार आपको समस्या में डाल सकता है। संबंधियों के साथ सहसा कोई अनिष्ट घटना बन सकती है।


धनुः परिवार-जीवन में आनंद का वातावरण रहेगा। कार्य में पदोन्नति होगी। मित्रों के साथ बाहर जाना होगा। व्यापारीवर्ग को भी लाभ होगा।

मकरः आज का दिन गृहस्थजीवन की दृष्टि से आनंदमय रहेगा। परिवारजनों के साथ आनंद का वातावरण बना रहेगा। व्यवसाय में पदोन्नति के योग हैं।

कुंभः नए कार्य का आज से प्रारंभ कर सकते हैं। लंबे प्रवास का या धार्मिक यात्रा का आयोजन होने की भी संभावना है।

मीनः हितशत्रुओं से सावधान रहिएगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखिएगा। गूढ़ विद्या का ज्ञान प्राप्त करने के लिए दिन अच्छा है।

# स्वप्निल जोशी-स्टारर हॉरर फिल्म बाली का 9 दिसंबर को होगा डिजिटल प्रीमियर





अभिनेता स्वप्निल जोशी की आगामी मराठी हॉरर फिल्म का डिजिटल प्रीमियर 9 दिसंबर को होगा। फिल्म निर्माता विशाल फुरिया द्वारा अभिनीत और अर्जुन सिंह बरन और कार्तिक डी निशानदार की जीएसईएएमएस(ग्लोबल स्पोर्ट्स एंटरटेनमेंट एंड मीडिया सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड) द्वारा निर्मित, फिल्म, का प्रीमियर अमेजन प्राइम वीडियो पर होगा।

फुरिया ने कहा, एक शैली के रूप में, मैं हॉरर से आकर्षित हूं, और इस स्पेस में हर फिल्म के साथ नई जमीन तोड़ने का मेरा निरंतर प्रयास रहा है। सबसे अच्छी तरह की डरावनी फिल्में मनोवैज्ञानिक हैं, जो पात्रों के लिए सहानुभूति पैदा करती हैं, भले ही उनका मूल आधार वास्तविकता से बहुत दूर हो। जितना अधिक हम विश्वास करते हैं कि हम क्या देख रहे हैं, अनुभव उतना ही अधिक मजेदार हो जाता है।

बाली एक विधवा, मध्यमवर्गीय पिता, श्रीकांत (स्वप्निल जोशी) के जीवन के बारे में है, जो एक अप्रत्याशित मोड़ लेता है जब उसका 7 वर्षीय बेटा मंदार (समर्थ जाधव) बीमार हो जाता है और उसे जन संजीवनी अस्पताल में रेफर किया जाता है। हालात बदल जाते हैं जब मंदार एक रहस्यमय नर्स से बात करना शुरू कर देता है, जिसके बारे में उनका दावा है कि वह अस्पताल के परित्यक्त हिस्से में रह रही है।

# पार्टी नंबर स्लो स्लो में साथ आएंगे बादशाह और सीरत कपूर



बादशाह साल के सबसे बड़े पार्टी एंथम स्लो स्लो, विद सीरत कपूर के लिए तैयार हैं। इसमें अभिषेक सिंह भी नजर आएंगे। टी-सीरीज म्यूजिक लेबल द्वारा लॉन्च किया गया गाना, चार्टबस्टिंग नंबर जुगनू के बाद यह बादशाह की नवीनतम पेशकश होगी।

फुट-टैपिंग नंबर के बारे में बात करते हुए, बादशाह ने कहा कि स्लो स्लो एक सुपर मजेदार और जोशीला गाना है। सीरत और अभिषेक ने भी शानदार काम किया है। मैं यह देखने के लिए उत्साहित हूं कि लोग इस पर कैसी प्रतिक्रिया देते हैं।

टी-सीरीज के भूषण कुमार ने कहा कि दिसंबर हमेशा साल का पार्टी सीजन रहा है, और बादशाह, सीरत और अभिषेक के संयोजन के साथ जश्न मनाने का इससे बेहतर तरीका क्या हो सकता है। यह पहली बार है जब वे एक साथ आ रहे हैं, यह ट्रैक इस साल का पार्टी एंथम होगा।

# दाल ढोकली, बनाने का सरल तरीका



### सामग्री :

अरहर दाल- 1 कप, टमाटर- 2, नमक- स्वादानुसार, हल्दी पाउडर- 1/2 टीस्पून, पानी- आवश्यकतानुसार

**ढोकली के लिए-** आटा- 3/4 कप, बेसन- 2 टीस्पून, नमक-स्वादानुसार, हल्दी पाउडर- 1/4 टीस्पून, लाल मिर्च पाउडर- 1/2 टीस्पून, धनिया पाउडर- 1 टीस्पून, अजवाइन- 1/4 टीस्पून, तेल- 1 टीस्पून, पानी- आवश्यकतानुसार

**तड़के के लिए-** घी या तेल- 1 टीस्पून, जीरा- 1 टीस्पून, अदरक-हरी मिर्च- 1 टीस्पून, मेथी दाना- 1/4 टीस्पून, हींग- 1/4 टीस्पून, हल्दी पाउडर- 1/2 टीस्पून, लाल मिर्च पाउडर- 1/2 टीस्पून, धनिया पाउडर- 1 टीस्पून, पानी- आवश्यकतानुसार

### विधि :

अरहर दाल को नमक, हल्दी और टमाटर के साथ अच्छी तरह से पका लें। कुकर का प्रेशर खुद से निकलने दें। ढोकली बनाने के लिए एक बाउल में आटा, नमक, हल्दी, लाल मिर्च, धनिया, अजवायन और तेल डालकर अच्छी तरह मिक्स करें। धीरे-धीरे पानी डालते हुए नरम आटा गूंथ लें। ढककर सेट होने के लिए 20 मिनट रख दें। अब इनकी लोइयां बनाएं। हर एक लोई को बेल लें। बहुत पतला नहीं रखना है। थोड़ा मोटा ही रहने दें। इसे डायमंड या चौकोर शेप में काट लें। तड़का तैयार करने के लिए पैन में घी गर्म करें। इसमें जीरा, हरी मिर्च, अदरक डालकर तड़काएं। इसमें दाल के साथ उबले हुए टमाटर डालकर मिक्स करें। 3-4 मिनट बाद इसमें मेथी दाना, हींग, लाल मिर्च पाउडर, धनिया पाउडर और नमक मिक्स करें। इसके बाद उबली हुई दाल डालेंगे। अब बारी है इसमें ढोकली मिक्स करने की। ढोकली डालने के बाद इसे थोड़ी देर ढककर पकाएं। दो मिनट बाद ऊपर से हरा धनिया और घी डाल दें। तैयार हो चुकी है आपकी दाल ढोकली सर्व करने के लिए।

# शब्द सामर्थ्य- 279

**बाएं से दाएं**

1. अभिमान, घमंड, अनुमान 4. बादल, मेघ, जलद (सं) 6. अधिकार वाला, अधिकारी 8. गति, सामंजस्य, समा जाना 10. कारावास, जेल 11. जोर, शक्ति, जान, सांस 12. राजाओं के रहने का भवन 15. मालामाल, अमीर, धनवान 18. नाव खेने का यंत्र 20. 'खन' ध्वनि उत्पन्न होना, पायल आदि का शब्द करना 21. मार डाला हुआ, घायल किया हुआ 22. हमेशा, आवाज 23. आग की लपट, ज्वाला 24. झगड़ा, तकरार 25. हीरा।

**ऊपर से नीचे**

1. दोषी, अपराधी 3. ताश में नौ अंक वाला पत्ता 4. झंडा, पताका 5. गहरा कीचड़, पंक 7. बूंद, अंश 9. मृत्यु के देवता 13. संसार, दुनिया, जग 14. हुजूर, जनाब, सम्मान सूचक एक शब्द (उ.) 16. सच्चा, धर्मनिष्ठ, ईमानवाला 17. अनूठा, बांका, अनुपम, छैला 18. आश्रय, शरण 19. साधुवाद, प्रशंसा 20. पटवारी की ऐसी बही जिसमें खेत संबंधी अनेक बातें लिखी जाती है, एक प्रकार का दानेदार संक्रामक रोग 23. गम, मातम, दुख।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 3 | ■ | ■ | 4 | | 5 | ■ |
| | ■ | 6 | 7 | | | ■ | 8 | 9 |
| 10 | | | | ■ | | ■ | 11 | |
| | ■ | ■ | 12 | 13 | | 14 | | ■ |
| 15 | 16 | | ■ | | ■ | | ■ | 17 |
| ■ | | ■ | 18 | | 19 | | ■ | |
| 20 | | | | ■ | 21 | | ■ | |
| 22 | | ■ | | | ■ | | 23 | |
| 24 | | ■ | ■ | ■ | 25 | | | ■ |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 278 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स्मृ | ति | ■ | पा | व | क | ■ | बे | ल |
| ■ | र | ज | नी | च | र | ■ | ■ | ट्टू |
| मु | स्का | न | ■ | न | म | की | न | ■ |
| सा | र | ■ | स | ■ | ■ | ट | ख | ना |
| फि | ■ | अ | जा | य | ब | ■ | रा | जा |
| र | च | ना | ■ | था | ल | ■ | ■ | य |
| ■ | ■ | धि | ■ | र्थ | ■ | स | मा | ज |
| उ | प | कृ | त | ■ | आ | वा | ज | ■ |
| ल्लू | ■ | त | ■ | ■ | ब | ल | रा | म |

# सू-दोकू- 279

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | 2 | | | | 1 |
| | | 5 | 1 | | | | 3 | |
| 7 | | | | 9 | | 8 | | 5 |
| | 8 | | 3 | | 7 | | 5 | |
| 2 | | 7 | | | | 1 | | 3 |
| | 4 | | | 1 | | | 8 | |
| 6 | | 2 | | | 9 | | | |
| | 5 | | 7 | | | 3 | | |
| | | 8 | | 5 | | | 6 | 7 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.278का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 2 | 6 | 3 | 1 | 4 | 5 | 9 |
| 6 | 4 | 1 | 8 | 5 | 9 | 2 | 7 | 3 |
| 9 | 3 | 5 | 4 | 7 | 2 | | 1 | 8 |
| 2 | 6 | 3 | 1 | 9 | 7 | 5 | 8 | 4 |
| 5 | 7 | 8 | 3 | 6 | 4 | 1 | 9 | 2 |
| 1 | 9 | 4 | 5 | 2 | 8 | 7 | 3 | 6 |
| 4 | 5 | 7 | 2 | 8 | 3 | 9 | 6 | 1 |
| 3 | 1 | 6 | 9 | 4 | 5 | 8 | 2 | 7 |
| 8 | 2 | 9 | 7 | 1 | 6 | 3 | 4 | 5 |